कोटद्वार, बुधवार
13 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 222 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल



नई दिल्ली,एजेंसी । राज्यसभा में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त व अन्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पदावधि संबंधी विधेयक पेश किया गया। विधेयक में चयन समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्यों के रूप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे।केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया। इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की बात करते समय चार शब्द निर्भीकता, शुचिता, निष्पक्षता, स्वायत्ता सभी व्यक्तियों के दिमाग में आएंगे। सरकार द्वारा पेश किया जा रहा यह कानून इन चारों शब्दों को बुलडोजर के नीचे कुचलना वाला कानून है। सुरजेवाला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री और उनके द्वारा बनाए गए मंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे तो फिर इस नियुक्ति के लिए किसी कमेटी के गठन की कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती। केंद्र सरकार का मंत्री सदैव प्रधानमंत्री की इच्छा अनुसार चुनाव आयुक्त के चयन में अपनी भूमिका निभाएगा इसलिए यह कानून निरर्थक है। इस बिल के क्लॉज 5 में यह प्रावधान कर दिया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त एक विशेष श्रेणी को छोड़कर देश का कोई और नागरिक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में रखे गए इस बिल में प्रावधान किया गया है कि केंद्र सरकार का कोई सेवारत या रिटायर्ड सचिव स्तर का अधिकारी ही मुख्य चुनाव आयुक्त हो सकता है। इसका अर्थ यह हुआ कि आपने इन अधिकारियों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण कर दिया। सुरजेवाला ने कांग्रेस पार्टी की ओर से बोलते हुए कहा कि ब्यूरोक्रेट मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनेगा लेकिन ब्यूरोक्रेट ने न तो कभी सरपंच का चुनाव लड़ा, न जिला परिषद का चुनाव लड़ा, न एमएलए–एमपी का चुनाव लड़ा। यानि इलेक्शन की लिस्ट और इलेक्शन का प्रबंध, वे लोग करेंगे, जिन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा।इसके साथ उन्होंने बिल में बताई गई सर्च कमेटी पर भी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि यह सर्च कमेटी वास्तविकता में एक स्टीयरिंग कमेटी होगी, जो उम्मीदवारों को एलिमिनेट करेगी।

## मुख्यमंत्री धामी से फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने की भेंट



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सचिवालय में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखण्ड में फिल्मांकन एवं फिल्म निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग के लिए बेहतर वातावरण बनाने को सरकार निरंतर प्रयासरत है। कहा कि प्रदेश में शूटिंग के लिए देश व दुनिया के सबसे सुंदर व अच्छे गंतव्य हैं। नैनीताल, मसूरी, औली, चकराता, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चोपता, हर्षिल व फूलों की घाटी जैसे मनोहारी स्थान उत्तराखंड में हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश के साथ ही बदरी-केदार धाम और गंगा-यमुना जैसी सदाबहार नदियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार फिल्म निर्माताओं व वेब सीरीज बनाने वाले निर्माता-निर्देशकों के लिए कई योजनाएं प्रदेश में संचालित कर रही है।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को मिशन मोड में लें अधिकारी : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : विकसित भारत संकल्प यात्रा का राज्य में सफल संचालन के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए इस अभियान को मिशन मोड में लें। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए और उनसे प्रतिदिन की रिपोर्ट भी ली जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाये थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं की आम जनता तक पहुंच बनाने के लिए हमें स्कूली बच्चों से लेकर बजुर्गों तक सभी को सहयोगी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा ध्येय है कि लोगों को उनके घरों पर ही सभी आवश्यक सुविधाएं मिले। जन सुविधाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन सिस्टम को प्रभावी बनाया गया है। आम जनता को जन कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी होने



पर वे सभी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायतों में प्रचार वाहन भेजने से पूर्व इसकी सूचना स्थानीय लोगों तक पहुंचे। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी मौके पर लोगों को लाभ मिले, इसके लिए शिविरों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सांसदगणों, विधायकगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाए, ताकि उनका भी मार्गदर्शन एवं सहयोग इसमें मिल सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 जनवरी 2024 तक आयोजित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी सचिव भी दो-दो दिन जनपदों में जाएं। सभी सचिव इस आयोजन के संबंध में अपने विभागों की नियमित समीक्षा भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी विकास संकल्प यात्रा के दौरान निरन्तर फील्ड में रहें और सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमान्त क्षेत्रों में भी इस आयोजन को और प्रभावी बनाया जाए। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए। आजादी के अमृत महोत्सव में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल फैनई, सचिव शैलेश बगोली, श्रीमती राधिका झा, अरविन्द सिंह ह्यांकी, दीपेन्द्र चौधरी, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आनन्द स्वरूप, वर्चुअल माध्यम से अपर सचिव भारत सरकार राकेश वर्मा, सभी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं भाजपा संगठन से प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठारी और विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रदेश सह संयोजक सौरभ थपलियाल उपस्थित थे।

## ग्रामीण डाक सेवकों ने शुरू की हड़ताल

देहरादून। आठ घंटे काम, पेंशन समेत विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों ने बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है।

डाक सेवकों ने मांगें पूरी होने तक हड़ताल पर डटे रहने का ऐलान किया है। मंगलवार को ग्रामीण डाक सेवक देहरादून के घंटाघर स्थित परिमंडलीय कार्यालय परिसर में एकत्र हुए। यहां धरना देकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिस कारण डाक सेवकों को मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है।

चेताया कि जब तक आठ घंटे काम, पेंशन का लाभ, समूह बीमा कवरेज पांच लाख रुपये तक बढ़ाने, जीडीएस ग्रेच्युटी में बढ़ोत्तरी समेत सात सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होता है, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। धरने पर मंडीलय सचिव सुभाष पंवार, अध्यक्ष राजकुमार मधवाल, प्रेम सिंह रावत, वंदना गुरुंग, हेमलता, गोविंद सिंह, नवीन शर्मा, धर्म सिंह, राजीव कुमार, अर्चना थापा, राजेंद्र प्रसाद डबराल, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर नित्यानंद स्वामी को किया याद

देहरादून। उत्तराखंड प्रथम सीएम नित्यानंद स्वामी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में मौजूद लोगों ने नित्यानंद स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। सभा का आयोजन पूर्व सीएम स्व. नित्यानंद स्वामी के भतीजे एवं शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) उत्तराखंड एडवोकेट आखिल शर्मा ने झाझरा स्थित शिवसेना शिविर कार्यालय में किया। इस दौरान राज्य निर्माण के समय स्व. नित्यानंद स्वामी की ओर से किए गए प्रयासों के बारे में बताया गया। इस मौके पर शिवसेना शाखा प्रमुख हरबर्टपुर मनीष शर्मा, शाखा प्रमुख सेलाकुई कल्पेश्वर पैन्यूली, शाखा प्रमुख विकासनगर जयप्रकाश चौहान, शाखा प्रमुख सबावाला भरत कुमार मौजूद रहे।

### धार्मिक स्थल पर सिरफिरे की हरकत से आक्रोश

देहरादून। धार्मिक स्थल पर सोमवार रात सिरफिरे की हरकत से मंगलवार सुबह हर्रावाला क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ गया। आरोपी की हरकत सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। मौके पर जमा हुई भीड़ ने आक्रोश जताया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि हर्रावाला में रेलवे तिराहे के पास काली मंदिर है। यहां मंगलवार सुबह लोग पहुंचे तो उन्होंने मंदिर परिसर का एक शीशा टूटा देखा। सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो पाया कि सोमवार रात करीब सवा बजे एक युवक वहां आया। उसने मंदिर परिसर में गलत हरकत की। इसके बाद शीशे पर पत्थर फेंका। इसे बाद वहां से भाग निकला। इसकी जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई। लोगों ने आक्रोश जताया तो पुलिस ने स्थिति संभाली। हर्रावाला के जनप्रतिनिधि विनोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### शिविर में 32 लोगों ने लगवाए कृत्रिम अंग

रुड़की।रोटरी क्लब की ओर से आयोजित कृत्रिम अंग शिविर में चौथे दिन जरूरतमंद लोगों को व्हील चेयर बांटी गई। इसके साथ ही करीब 32 लोगों को कृत्रिम अंग लगाए गए। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि यह अच्छी पहल है। रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर अरुण मोंगिया ने कहा कि क्लब ने करीब 150 लोगों के जीवन में नई रोशनी लाने का कार्य किया है।

# मुख्यमंत्री ने किया स्वर्णिम अमृत संदेश यात्रा का शुभारम्भ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित ह्रस्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्राह्न का शुभारम्भ स्मृति पौध भेंट कर किया। इस अवसर पर यूकॉस्ट द्वारा आयोजित ह्रअभिनन्दन एवं पौध भेट समारोहह्न में विश्वविद्यालयों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी आयोजन को यादगार बनाने में पेड़ों की बडी भूमिका होती है। पेड़ जहां जीवन के आधार है वहीं हमारी संस्कृति और स्मृति के भी प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अपने स्वर्ण जयंती वर्ष को इको फ्रेंडली रुप से मना रहे हैं तथा दूसरे को पचास-पचास पेड़ भेंट कर एक विश्वविधालय के सदस्य दूसरे विश्व विद्यालय में पहुंचकर पचास पौधों का रोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हमारे युवा बौद्धिक रूप से जागृत और समझदार होते हैं। जन-जन तक संदेश पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जलवायु परिवर्तन से उपजी समस्याओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व की जीवन शैली में परिवर्तन लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस संदेश यात्रा से लोगों में पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव लाने




की प्रेरणा भी मिलेगी। यह यात्रा लोगों में अपनी संस्कृति, स्वच्छ परम्परा, खान पान, बोली-भाषा के प्रति भी जागरुकता पैदा करेगी।

यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पन्त ने कहा कि इस आयोजन के तहत मुख्यमंत्री का संदेश दोनों विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं तक पहुंचेगा। इस यात्रा को बहुआयामी तथा उद्देश्यपरक बनाने हेतु यूकॉस्ट द्वारा दोनों विश्वविद्यालयों में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है। लाइफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट तथा जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञों के व्याख्यान भी कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर गढ़वाल से जो दल नैनीताल रवाना होगा वह अपने साथ गंगा जल भी ले जायेगा जिसे नैनीताल में मां नैना देवी के दर्शन के बाद नैनीझील में प्रवाहित किया जायेगा। दोनों विश्वविद्यालय अपने कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन की पुस्तकें भी एक दूसरे को भेंट करेंगें।स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्राह्न को आकार देने वाले मैती संस्था के संस्थापक पद्म डॉ. कल्याण सिंह रावत ने कहा कि बदलते जलवायु के संकेतों से अब हमें, जागरूक होने की जरुरत है। यदि अभी भी हम नहीं जागे तो बहुत देर हो जायेगी। हमें अपने आवश्यकताओं को न्यून करके जीवन शैली में बदलाव लाना होगा।

उन्होंने कहा कि 1998 में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच में 25-25 पेड़ सिल्वर जुबली पर मैती संस्था ने ऐसी ही रथ यात्राएं आयोजित की थी। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 18 दिसम्बर को हे.न.ग. विश्वविधालय से 50 पेड़ लेकर संदेश यात्रा दल नैनीताल प्रस्थान करेगा।

# रोडवेस बसों में सफर अब होगा और आसान, 10 रूटों पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

देहरादून। रोडवेज बसों में सफर करने वाले लोगों के लिए गुड न्यूज है। आने वाले समय में इन शहरों के बीच उनकों बसों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। भीड़ होने पर अब बस यात्रियों को आसानी से सीट मिल जाएगी।रोडवेज निजी ऑपरेटरों के जरिये उत्तराखंड के 10 रूटों पर 72 नई बसें शुरू करेगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी। रोडवेज की ओर से इंटरसिटी बस संचालन योजना 2023-24 के तहत टेंडर मांगे गए हैं। जीएम-संचालन दीपक जैन के मुताबिक, छोटी दूरी वाले लोकल रूटों पर यह सेवाएं चलेंगी। डीजल और सीएनजी बसों को अनुबंध पर संचालित किया जाएगा। इसके लिए 30 दिसंबर तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। सीएनजी की बसों को वरीयता इस योजना में 32 सीटर बसें चलाई जाएंगी। सीएनजी बसों को वरीयता दी जाएगी। सुरक्षा के इंतजाम करने होंगे। सामान्य आवेदकों को 50 हजार सिक्योरिटी एवं वीरचंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना के लाभार्थी को 25 हजार सिक्योरिटी देनी होगी। रोडवेज को आवंटन



के 90 दिन बाद बस स्वामी को बस उपलब्ध करानी होगी। अन्यथा 500 रुपये हर रोज के हिसाब से जुर्माना लगेगा।

दून जाने वाली बसों में यात्रियों के बीच मारामारी-

ऋषिकेश से दून जाने के लिए सोमवार को रोडवेज की बसों में मारामारी दिखी। यात्रियों को पर्याप्त बसें नहीं मिलने परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से शाम तक बस अड्डे पर वे परेशान दिखे। बस अड्डे पर देहरादून जाने के लिए जो भी बस रुकती वह यात्रियों से भर जाती। संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर दून-ऋषिकेश के लिए सोमवार को अचानक बसों की कमी हो गई।

बस संचालन में मनमानी पर रोडवेज की सख्ती-

चंडीगढ़ रूट पर बसों के संचालन में चालक-परिचालकों की मनमानी पर रोडवेज ने सख्त रुख अपनाया है। जीएम-संचालन दीपक जैन ने एआरएम अल्मोड़ा एवं आरएम-नैनीताल मंडल को निर्देशित किया है कि वे स्वयं चंडीगढ़ जाकर अफसरों से समन्वय बनाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं।

साथ ही, इसकी समीक्षा रिपोर्ट मुख्यालय को दी जाए। दून समेत तीन आरएम और ऋषिकेश एवं हरिद्वार समेत 13 एआरएम को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कहा गया है कि चंडीगढ़ स्थित आईएसबीटी पर उत्तराखंड रोडवेज की कुछ बसें, खासकर नैनीताल और टनकपुर की बसें निर्धारित काउंटर पर नहीं लगाई जातीं।

## शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण का ज्ञान जरूरी हो : रावत

देहरादून। यूसर्क एवं दून पीजी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेलाकुई की ओर से मृदा परीक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं में भ्रमण के साथ साथ संस्थान में चल रहे मशरूम कल्टीवेशन, पोल्ट्री फॉर्म, मौन पालन, मत्स्य पालन, जैवउर्वरक उत्पादन, बायो गैस प्लांट, संरक्षित औद्यानिकी के बारे में भी जाना। यूसर्क की निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अनीता रावत ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी हो गया है, जिसके ज्ञान को आज हमारे शिक्षण संस्थानों में प्रभावी रूप से प्रदान करने की जरूरत है। संस्थान के निदेशक डॉ संजय चौधरी ने कहा कि संस्थान की ओर से कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उत्तराखंड राज्य में एक अग्रणी संस्थान के रूप में कार्य किया जा रहा है। कहा कि यूसर्क और दून पीजी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा नवीन तकनीकीयों को विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) आरआर द्विवेदी ने कहा कि आज हमको अपने पर्यावरण के संरक्षण कार्यों के साथ साथ सामजिक जीवन में भी कार्य करते हुए देश की सेवा करनी है।

# ठंड में सड़क पर दिन काट रहे आपदा पीड़ित, सरकारी सिस्टम नहीं ले रहा सुध

## काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे आपदा पीड़ित परिवार

**जयन्त प्रतिनिधि**

कोटद्वार : धीरे-धीरे ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में गाड़ीघाट, काशीरामपुर तल्ला के आपदा प्रभावित परिवार पुनर्वास की आस में सड़क किनारे टेंट लगाकर दिन काट रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बुजुर्ग व बच्चों को हो रही है। लगातार पुनर्वास की मांग उठाने के बाद भी सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

13 अगस्त की रात उफान पर आई खोह नदी से लकड़ीपड़ाव, झूलाबस्ती व काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र के 21 पक्के भवन ढह गए थे। इसके बाद यह पीड़ित परिवार धर्मशाला व स्कूल भवनों में दिन काट रहे थे।

ोकिन, एक सप्ताह बाद ही धर्मशाला व स्कूल भवनों को भी खाली करवा दिया गया। जिसके बाद कुछ परिवार किराए के कमरों में रहने चले गए। जबकि, कुछ परिवार अब भी काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि उन्होंने पाई-पाई जोड़कर आशियाना बनाया था। लेकिन, खोह नदी का विकराल रूप उसे ढहाकर ले गया। ऐसे में अब उन्हें सरकार से ही उम्मीद है कि उनके लिए कोई योजना बनाई जाएगी।

आपदा में जिन परिवारों के आवास टूटे हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें आवास दिए जाने संबंधी प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पारित किया गया था। नगर निगम की ओर से इस प्रस्ताव को आगे की कार्यवाही के लिए शासन में भेजा गया है। .

**..वैभव गुप्ता, नगर आयुक्त, कोटद्वार नगर निगम**



**कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे आपदा प्रभावित परिवार**

### संक्रामक बीमारियों का खतरा

सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे परिवारों की ठंड ने चुनौती बढ़ा दी है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बुर्जुग व बच्चों को हो रही है। वहीं, सड़क किनारे उड़ने वाली धूल व मिट्टी से भी संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि यदि नदी किनारे उनके स्थान पर सुरक्षा दीवार बनाई जाती है तो वह अपनी झोपड़ी वहीं डाल देंगे।

# प्रदेश के उद्यमियों की अनदेखी कर रही सरकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के एजेंडे में उत्तराखंड के युवा उद्योगपतियों और उद्योग व्यवसाय में कैरियर बनाने के लिए प्रतीक्षारत युवाओं को स्थान न देने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय उद्योग व्यवसाय की अनदेखी कर रही है।

शिब्बूनगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में नई जागृति आई है और वे निजी व्यवसाय व उद्योगों की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। परंतु केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित प्रशिक्षण, संसाधन और इंफ्रास्ट्रकचर सहित बैंकिंग सुविधाओं का उचित प्रबंध नहीं किया जा रहा है। कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि देहरादून में होने वाले उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में स्थानीय युवा उद्यमियों या उद्यम के लिए प्रतीक्षारत युवाओं को अवसर मिलेगा, परंतु समिट की रिपोर्ट का अध्ययन करने से पता चलता है कि बड़े उद्योगपतियों को पहाड़ सौंपा जा रहा है जो पहाड़ वासियों के लिए अच्छा नहीं है। बाहरी उद्योगपतियों के बजाय उत्तराखंड के स्थानीय युवा उद्योगपतियों को व उद्योग लगाने के लिए इच्छुक युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए तथा उन्हें विभिन्न सेक्टरों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना में सहयोग दिया जाना चाहिए। बैठक में जगदीपक सिंह रावत, प्रवेश चन्द्र नवानी, दीपक कुकरेती, रमेश कोठारी, पुष्कर सिंह रावत, सर्वेंद्र काला, भारत मोहन काला, विनोद चौधरी, सुरेश पटवाल और प्रभाकर ध्यानी आदि शामिल रहे।

# स्लोगन प्रतियोगिता में रितिका रही अव्वल

## एकेश्वर ब्लॉक के पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : एकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज, सुरखेत में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल संपादन के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अवश्य अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। वहीं, स्लोगन प्रतियोगिता में रितिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन कर विद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों को उसका सदस्य बनाया गया। साथ ही प्रत्येक स्वयं सेवी को अपने गांवों के पांच परिवारों के लोगों से मतदान संकल्प पत्र भरवाकर लोकसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान कराने का दायित्व सौंपा गया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी समस्त शिक्षण संस्थाओं में माह दिसंबर में मतदाता जागरूकता के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

इस मौके पर हुई स्लोगन प्रतियोगिता में रितिका, प्रियंका, जीविका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सानिया और कुमारी अर्चना को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।



**आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी**

# डाक सेवकों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ग्रामीण डाक सेवकों को नियमित कर्मचारी का दर्जा व पेंशन देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ डाकमंडल कोटद्वार ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। डाक सेवकों ने सरकार से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

परिमंडल संगठन सचिव बलवंत सिंह रावत के नेतृत्व में सेवकों ने मुख्य डाकघर परिसर में धरना दिया। कहा कि डाक सेवक पूरी ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। बाजवूद इसके उनकी अनदेखी की जा रही है।

डाक सेवकों ने ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय चार से पांच घंटे से बढ़ाकर आठ घंटे करने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशें के अनुसार समयबद्ध 12, 24, 36 को अति शीघ्र लागू किए जाने, सामूहिक बीमा की धनराशि को पांच लाख तक बढ़ाने, ग्रामीण डाक सेवकों की ग्रेज्युटी को 1.4 लाख से बढ़ाकर पांच लाख तक करने, सतैवनिक अवकाश को 180 दिनों तक नगदीकरण में बढ़ाने, ग्रामीण डाक सेवक एवं उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा देने, एसडीबीएस योजना में ग्रामीण डाक सेवकों को तीन प्रतिशत किए जाने, ग्रामीण डाक सेवकों को लक्ष्य से संबंधित कार्यो पर प्रतिबंध किए जाने, कार्य के दौरान मृतक ग्रामीण डाक सेवकों के आश्रितों को जैसे कि विवाहित पुत्री आदि को बिना भेदभाव किये अनुकंपा नियुक्ति का आश्वासन देने व समस्त शाशा डाक घरों में डिवाइस के बजाय लैपटॉप, प्रिंटर, ब्राडबैंड आदि देने की मांग उठाई।

## कांडा मल्ला में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, सतपुली ने जीता पहला मैच

**सतपुली** : नव युवक मंगल दल कांडा मल्ला द्वारा स्व. सचिन रावत और स्व. अमनजीत असवाल की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही है।

उदघाटन मैच का शुभारंभ ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र ने किया। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा ग्राम प्रधान का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। पहला मैच सतपुली और मलारा के बीच खेला गया, जिसमें पहले खेलते हुए सतपुली क्रिकेट टीम द्वारा निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट पर 119 रन बनाए। जिसमें मोइन ने टीम के लिए नाबाद 65 रन बनाए, जबकि मलारा टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर में 114 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें नीरज ने 54 रन बनाएं। सतपुली की टीम ने 5 से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सतपुली टीम के खिलाड़ी मोइन को दिया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह, जीवन सिंह, प्रवेश सिंह, नीरज सिंह, भूपेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, दरबान सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नितिन सिंह, प्रवेश सिंह, जीवन सिंह आदि मौजूद थे।

## फुटबाल में डीएवी की टीम रही विजेता

**कोटद्वार** : डीएवी प्रबंधकृत समिति नई दिल्ली की ओर से डीएवी नेशनल स्पोर्टस 2023 के अंतर्गत राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में डीएवी यू के जोन की फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डीएवी कोटद्वार की टीम विजयी रही। विद्यालय की जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि बाक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने कहा कि इस वर्ष डीएवी की ओर से करवाए जा रहे खेलों को युवा व खेल मंत्रालय से मान्यता प्रदान की गई है। खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है, इसलिए सभी छात्रों को खेलों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार की अंडर-19 व अंडर-14 टीम डीएवी हल्द्वानी को परास्त कर नेशनल के लिए चयनित हुई। जबकि अंडर-17 में विद्यालय की टीम अंको के आधार पर नेशनल के लिए चयनित हुई। मैच का आंखों देखा हाल सारिका रावत एवं विकास गुप्ता ने सुनाया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार की समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोटद्वार के अजय कंडारी का नेशनल प्रतियोगिता में चयन

**कोटद्वार** : शिवपुर निवासी अजय सिंह कंडारी का आल इंडिया सिविल सर्विसेज स्वीमिंग टूर्नामेंट नेशनल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। अजय वर्तमान में वन विभाग में दरोगा के पद पर तैनात हैं। जून माह में स्टेट लेबल की स्वीमिंग प्रतियोगिता हल्द्वानी में आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 25 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। अजय ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद उनका चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। नेशनल प्रतियोगिता 15 दिसंबर से दिल्ली में आयोजित की जाएगी। अजय की इस सफलता पर वनाधिकारियों व स्वजनों ने खुशी व्यक्त की है।

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने मोहन सिंह गांववासी को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से पूर्व काबीना मंत्री मोहन सिंह गांववासी को श्रद्धांजलि दी गई। कहा कि गांववासी के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। मंगलवार को मंच के कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राजेंद्र अण्थ्वाल व धर्मवीर गुसाईं ने गांववासी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। कहा कि गांववासी का संपूर्ण जीवन समाज व राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा। उनके नेतृत्व में संगठन को ऊर्जा मिली। कहा कि युवाओं को गांववासी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्रद्धांजलि देने वालों में मुन्नालाल मिश्रा, सुनील गोयल, देवेंद्र कुंडलिया, कुलदीप सिंह रावत, अमिताभ अग्रवाल, नीना बैजवाल, कुसुम पटवाल, हसवंत सिंह बिष्ट, पंकज कुमार अग्रवाल, कमलेश कोटनाला, लक्ष्मी नेगी, मीनाक्षी नेगी, मीरा चौहान, हार्दिक सिंह, विक्रांत भंडारी आदि मौजूद रहे।



**कोटद्वार में पूर्व काबीना मंत्री मोहन सिंह गांववासी को श्रद्धांजलि देते सदस्य**

## जयंती समारोह 16 से

कोटद्वार : श्री वैश्य अग्रवाल सभा का जयंती समारोह 16 दिसंबर से प्रारंभ होगा। सभा के मीडिया प्रभारी राजीव गोयल ने बताया कि समारोह के दौरान शहर में विशाल अग्र चेतना बाइक रैली भी निकाली जाएगी। साथ ही शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र वंश शिरोमणी अग्रसेन महाराज का भव्य रथ होगा। दूसरे दिन मुक्तिधाम में स्थित शनि मंदिर परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

## भर्ती पूर्व प्रशिक्षण तीन जनवरी से

पौड़ी : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल ओम प्रकाश फरस्वाण ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सैनिकों के पुत्रों के लिए भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर आगामी 03 जनवरी, 2024 से 27 फरवरी, 2024 तक आयोजित किया जायेगा।जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि पूर्व सैनिकों के पुत्रों को सेना, अर्द्व सैनिक बलों व पुलिस बल में भर्ती के लिए निःशुल्क भर्ती प्रशिक्षण आगामी 03 जनवरी से 27 फरवरी, 2024 तक राज्य सैनिक विश्राम गृह देहरादून में चलाया जाएगा। कहा कि भर्ती प्रशिक्षण के लिए इच्छुक पात्र किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय पौड़ी व लैंसडाउन में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## पूर्व मंत्री गांववासी को दी श्रद्धांजलि

पौड़ी : पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मोहन सिंह रावत गांववासी के निधन पर मंगलवार को पार्टी दफ्तर में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी और गांववासी के निधन को प्रदेश और पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। जिलाध्यक्ष सुषमा रावत और जिला महामंत्री शशि रतूड़ी ने कहा कि गांवासी बेहद सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। अभिभाजित उत्तर प्रदेश से ही सक्रिय रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी शांति देवी, पूर्व विधायक यशपाल बेनाम, मंडल अध्यक्ष क्रांति किशोर, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर, लखपत भंडारी, सुभाष कुमार, हिमत सिंह नेगी, नरेंद्र रावत, राजकुमार, लक्ष्मण सिंह, ओम प्रकाश आदि शामिल रहे।

## 15 जनवरी को होगा रणभूत नृत्य

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम पारकोट ढुण्डसिर कडाकोट में 70 साल बाद रणभूत नृत्य का आयोजन किया जायेगा। ग्राम पारकोट समिति के सदस्य उत्तम सिंह पंवार ने बताया कि पारकोट में 70 साल रणभूत नृत्य का आयोजन 15 जनवरी से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में बडी संख्या में लोग पहुंचेंगे। पंवार ने बताया कि गढ़वाल क्षेत्र में किया जाने वाला यह नृत्य युद्ध में मारे गए वीर भड़ों को देवता के समान आदर देने के लिए किया जाता है, ताकि वीर की आत्मा को शांति मिले। कहा कि यह ऐतिहासिक रणनृत्य पारकोट के चौहान और थापली के उनियालों के द्वारा करवाया जाता है। (एजेंसी)

## इशिता और टीना ने किया गढ़वाल विवि का प्रतिनिधित्व

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिडला परिसर एनएसएस इकाई की इशिता थपलियाल एवं टीना कौशिक ने पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में गढ़वाल विवि का प्रतिनिधित्व किया। गढ़वाल विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. आरएस नेगी ने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार मे 20 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में उत्तराखण्ड राज्य से कुल 15 स्वयंसेवीयो ने प्रतिभाग किया। शिविर में बिड़ला परिसर एनएसएस स्वयंसेविका बीए तृतीया वर्ष की छात्रा बीना का चयन गणतंत्र दिवस परेड वर्ष 2023 में हुआ था। जोकि पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2023 में ड्रिल प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत रही। कहा कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में सिर्फ छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की मिसाल के तौर पर यह पहल की जा रही है।

# 1500 मी. दौड़ में धीरज, 800 मी. आदित्य ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** कंडोलिया मैदान में चल रही जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत मंगलवार को भी कई खेलों का आयोजन किया गया। अंडर-19 बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में धीरज रावत प्रथम, अनुज द्वितीय व रोहन तृतीय स्थान पर रहा। लंबीकूद में अर्जुन प्रथम, सूरजपाल द्वितीय व गोपाल तृतीय स्थान पर रहा। वहीं 800 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम, आयष द्वितीय व अभिनव तृतीय स्थान पर रहा।

युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत विभिन्न आयुवर्ग में बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। कंडोलिया मैदान व इंडोर स्टेडियम में हुई अंडर-14 लंबीकूद में ऋतिक प्रथम, शिताशु कुमार द्वितीय व आयुष नेगी तृतीय स्थान पर रहा। जबकि अंडर-14 गोला फेंक शौर्य प्रथम, तरूण द्वितीय व अभिनव ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-14 में 60 मीटर दौड़ में दिव्यांशु प्रथम, अर्पित रावत द्वितीय व ऋतिक तृतीय स्थान पर रहा। वहीं अंडर-14, 600 मीटर दौड़ में कृष्णा प्रथम, शिवांशु द्वितीय व अमन ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-14 ऊंचीकूद में ऋतिक प्रथम, अभिनव द्वितीय व अनुज तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 गोला फेंक में अरूण प्रथम, बृजेश द्वितीय व नितिन तृतीय स्थान पर रहा। जबकि गोला फेंक में वंश प्रथम, शौर्य द्वितीय व निखिल तृतीय स्थान पर रहा। वहीं चक्का फेंक में अरुण प्रथम, लकी द्वितीय व बृजेश तृतीय स्थान पर रहा।



जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के विजेता खिलाड़ी ।

लम्बी कूद में अरमान नेगी प्रथम, अमन भट्ट द्वितीय व अनुराग तृतीय स्थान पर रहा। 1500 लंबी दौड़ में प्रवेंद्र प्रथम, प्रियांशु द्वितीय व तरूण ने तृतीय स्थान पर रहा। जबकि 800 मीटर दौड़ में कुलदीप प्रथम, संदीप द्वितीय व सोहन तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-19 गोला फेंक में रोहित प्रथम, ऋषभ द्वितीय अमन ने तृतीय स्थान हासिल किया। चक्का फेंक प्रियांशु प्रथम, रोहित द्वितीय व अमन तृतीय स्थान पर रहा। वहीं अंडर-19 टीटी एकल में आशीष प्रथम, उदय द्वितीय, जबकि टीटी डब्बलस में साहिल, पवन प्रथम, करन, सार्थक द्वितीय व सुजल, अंनत तृतीय स्थान पर रहा। जिला युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान सिंह, निर्णायक राकेश कठैत, जगमोहन सिंह रावत, कमल उप्रेति सुनील नेगी सहित संदीप सिंह, अंकित सिंह, दिनेश नेगी सहित अन्य उपस्थित थे।

# समय पर पूरा कार्य करें जल जीवन मिशन के कार्य : डीएम

## किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। जल जीवन मिशन के कायो की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम पौड़ी के वेतन रोकने व अधिशासी अभियंता जल संस्थान कोटद्वार का स्पष्टीकरण तलब किया।


डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी इस महत्वकांक्षी योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल संस्थान व जल निगम को जल जीवन मिशन कार्यों का लक्ष्य देते हुए इसी माह 20 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के नोडल अधिकारी को प्रतिदिन हो रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये हैं। जल जीवन मिशन के तहत जनपद में गतिमान 2778 में से 2420 योजनाओं पर कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 358 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। वहीं जनपद में 1 लाख 10 हजार 801 पेयजल कनेक्शनों में से 1 लाख 8 हजार 340 कनेक्शनों का कार्य पूरा हो गया है। पम्पिग योजनाओं के लिए विद्युत संयोजन स्थापित करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग के अधिरिकारियों को त्वरित गति से कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम मो0 मीशम, अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान पीके सैनी, ईई जल संस्थान पौड़ी एसके राय, पीएम स्वजल दीपक रावत सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

## 18 जनवरी से शुरु होगी जात

**श्रीनगर गढ़वाल :** कीर्तिनगर ब्लॉक के डागर ग्राम सभा में स्थित मल्ड महादेव की विशाल जात करीब 12 सालों बाद शुरु होने जा रही है। तैयारियों को लेकर मल्ड महादेव मंदिर विकास समिति द्वारा ग्रामीणों के साथ एक बैठक आहूत की गई। ग्रामीणों ने कहा कि हर वर्ष यहां पर विशाल जात का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन पिछले 10 सालों से यहां पर केवल वार्षिक पूजा ही आयोजित हो पा रही थी। कहा कि इस बार मंदिर समिति ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया है कि 18 जनवरी से मल्ड महादेव मंदिर में सात दिवसीय विशाल जात एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मल्ड महादेव मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह नेगी ने कहा कि डागर पट्टी स्थित मल्ड महादेव मंदिर में 12 सालों बाद जात एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है, जिसको लेकर मंदिर समिति द्वारा तैयारियों को देखते हुए ग्रामीणों के साथ विचार विमर्श किया गया। (एजेंसी)

# डाक सेवकों का अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** अखिल भारतीय डाक सेवक संघ ने ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय 8 घंटे करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कार्य बहिष्कार के चलते डाकघर आए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को अखिल भारतीय डाक सेवक संघ ने केंद्रीय आह्वान पर केंद्र सरकार व डाक विभाग पर अडियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले लंबे समय से ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय बढ़ाकर 8 घंटे करने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशों को लागू करने, सामूहिक बीमा कवरेज की धनराशि 5 लाख तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों के समान ग्रामीण डाक सेवकों की ग्रेज्युटी को 5 लाख करने, संवैतनिक अवकाश को 180 दिनों तक नगदीकरण में बढ़ाने आदि की मांग पिछले समय से की जा रही है, लेकिन केंद्र सरकार व डाक विभाग अडियल रवैया अपना रहा है। जिसके चलते अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी गई है। कार्यब हिष्कार में मंडलीय सचिव नंद किशोर डोभाल, मंडलीय कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह भंडारी, सहसचिव विजय नैथानी, सोहन लाल, कुशला देवी, अनीता देवी, शांति, कृष्णचंद्र डोभाल, प्रकाश नौड़ियाल आदि शामिल रहे।

# युवा उद्यमिता योजना से जुड़कर लाभ उठाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** प्रदेश सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात में आयोजित छः दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में राजकीय महाविद्यालय सतपुली के असिस्टेंट प्रोफेसर विपिन चन्द्र एवं भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विपिन पंवार ने हिस्सा लिया।

प्रो. विपिन चन्द्र ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता विकास योजना युवाओं को स्वरोजगार व स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करेगी। राज्य में स्टार्टअप के लिए उचित माहौल पैदा किया जा रहा है। इसके लिए केंद्रों की स्थापना की जाएगी। वहीं डॉ. विपिन पंवार ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता विकास योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें युवाओं को स्वरोजगार व स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और प्रदेश में स्टार्टअप के लिए उचित माहौल पैदा किया जाएगा। महाविद्यालयों में देवभूमि उद्यमिता केंद्रों की स्थापना भी की जाएगी । महाविद्यालय रिखणीखाल में जल्द ही इस योजना का प्रचार-प्रसार के लिए कदम उठाने के साथ ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज उप्रेती ने भी योजना के बारे में जानकारी दी इसे युवाओं के लिए लाभदायक बताया।

# शैक्षणिक भ्रमण में ली आईटीईएस की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण में आईटीईएस की जानकारी दी गई।

मंगलवार को विद्यार्थियों ने राजकीय पालीटेक्निक कोटद्वार का भ्रमण किया। भ्रमण समन्वयक पंकज कोठारी ने बताया कि एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों को व्यावसायिक जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य मुकेश सिंह रावत ने व्यावसायिक शिक्षा को बच्चों के लिए काफी लाभप्रद बताया। कहा कि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकारी कई योजनाएं भी चला रही है।


शैक्षणिक भ्रमण करते राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के विद्यार्थी

इस मौके पर अमर सिंह, रमेश सिंह तोमर, राजू सैनी, चंचल चौहान, बबीता, सतपाल चौहान, राजन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## 14 को होगी क्रास कंट्री दौड़

**पौड़ी :** जिला खेल कार्यालय पौड़ी के तत्वावधान में विजय दिवस के शुभ अवसर पर 14 दिसंबर को बालक एवं बालिकाओं की विभिन्न आयु वर्गों में क्रांस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि जूनियर अंडर-14 बालक, बालिका, अंडर-17 बालक, बालिका, ओपन महिला, ओपन पुरूष की क्रांस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दौड़ कंडोलिया पार्क से शुरू होगी।

# सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत विभागों में अधिसूचित सेवाओं की दी जानकारी




चमोली : उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग की ओर से जनपद चमोली के पदाभिहित और प्रथम अपीलीय अधिकारियों का जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस दौरान आयोग के प्रशिक्षकों की ओर से अधिकारियों को सेवा के अधिकार अधिनियम 2011 के तहत विभागों में अधिसूचित सेवाओं और उनके निस्तारण की प्रक्रिया व समयावधि की विस्तृत जानकारी दी।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सेवा का अधिकार आयोग के उप सचिव श्याम सुंदर सिंह पांगती ने बताया कि अधिनियम के तहत 51 विभागों की 963 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिनमें से वर्तमान में 387 सेवाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। जबकि अन्य विभागीय सेवाओं का संचालन ऑफलाइन हो रहा है। साथ ही उन्होंने अधिसूचित सेवाओं को लेकर पदाभिहित व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यों, शक्तियों और शास्तियों की विस्तृत जानकारी दी। आयोग के उप रजिस्ट्रार केसी पंत ने बताया कि चमोली जनपद सेवा का अधिकार अधिनियम के अनुपालन में 96.2 फीसदी स्वीकृतियों के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि अपणी सरकार पोर्टल में भी जनपद का प्रदर्शन अन्य जनपदों से बेहतर है। उन्होंने इस दौरान अपणी सरकार पोर्टल के साथ ही अधिनियम के तहत विभागों की ओर से की गई कार्रवाई की रिपोर्टिंग की जानकारी दी। सहायक रजिस्ट्रार एसएम कंडवाल एवं जसपाल भाटिया ने प्रशिक्षण के दौरान सेवा के अधिकारी अधिनियम की आवश्यकता और पेंशन प्रकरणों के निस्तारण संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आयोग के अधिकारियों ने विभागीय पदाभिहित व प्रथम अपीलीय अधिकारियों की शंका एवं सवालों का समाधान करते हुए उनके सुझावों को भी संकलित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, पंचायती राज अधिकारी आरएस गुंज्याल, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, जिला शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, एसीएमओ डॉ. उमा रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## केदारनाथ में जल्द तैयार होगा बीकेटीसी का भवन

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में बदरी–केदार मंदिर समिति का 18 कमरों का भवन तैयार किया जा रहा है। इन दिनों इस भवन पर तेजी से कार्य हो रहा है ताकि आगामी यात्रा सीजन में बीकेटीसी के अधिकारी, कर्मचारियों को रहने की दिक्कत न हो। अभी यात्रा सीजन में बीकेटीसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ को काफी मुश्किलें होती हैं। वर्ष 2013 की आपदा में केदारनाथ में बीकेटीसी के सभी भवन ध्वस्त हो गए थे। तब से किसी तरह बीकेटीसी किराए और अन्य तरह से की कई व्यवस्थाओं पर अपना काम चलाती आ रही है। जबकि यात्रा सीजन में बदरी-केदार मंदिर समिति के बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी यहां ड्यूटी देते हैं। आपदा से पहले बीकेटीसी के केदारनाथ में कर्मचारी आवास, पुजारी कक्ष, भोग मंडी सहित गेस्ट हाउस आदि थे, किंतु इसके बाद यहां बीकेटीसी को अपनी व्यवस्थाएं करनी ही मुश्किल हो जाती हैं।

## श्रीदेव सुमन विवि में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित



नई टिहरी : राज्य सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई है। यह उद्यमिता केंद्र राज्य के युवा उद्यमियों के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान साबित होगा। अपने विचारों को आगे बढ़ाने का एक सामर्थ्यपूर्ण स्रोत भी मिलेगा। पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता केंद्र राज्य के युवा उद्यमियों के लिए एक नया ऊर्जा स्रोत है। यह केंद्र उन्हें उद्यमिता क्षमता को बढ़ाने और उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने का मंच प्रदान करेगा। देवभूमि उद्यमिता केंद्र में विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। जिनमें शिक्षा, प्रशिक्षण और आर्थिक समर्थन की सुविधाएं शामिल हैं। यह केंद्र छात्रों को विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों के लिए आवश्यक ज्ञान, सीख और समर्थन प्रदान करेगा। देवभूमि उद्यमिता केंद्र श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में नए उद्यमियों को समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने का एक और कदम है। जो राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस योजना से विश्वविद्यालय के छात्र व नागरिक भी लाभान्वित होंगे। प्रो. जोशी ने बताया कि श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की नोडल अधिकारी प्रो. अनिता तोमर ने बीते 5 से 10 दिसम्बर तक देवभूमि उद्यमिता योजना, स्वरोजगार एवम् उद्यमिता कौशल संवर्धन तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए ईडीआईआई अहमदाबाद में फैकल्टी मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रो. तोमर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए नवीन दृष्टिकोण और कौशल प्राप्त किए हैं।

# सूचना देने में अधिकारी घबराये नहीं : पुनेठा




नई टिहरी : जिला मुख्यालय पर डीएम मयूर दीक्षित की मौजूदगी में उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल की ओर से तीन दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रभारी आरटीआई सेल कुमांऊविश्वविद्यालय नैनीताल के नवीन पनेरू ने सूचना का अधिकार अधिनियम के सम्बंध में विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया।

मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक अच्छा मौका है। इसमें सूचना का अधिकार अधिनियम को लेकर मन में जो भी संशय हैं या सूचना देने के दौरान जो भी समस्याएं आई है, उनका समाधान प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कर सकते हैं। कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए अपनी कार्यशैली को और बेहतर बनायें। इस मौके पर पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त उत्तराखण्ड अनिल चन्द्र पुनेठा ने वर्चुअल माध्यम से कहा कि जो सूचना कार्यालय में धारित हो। उसे स्पष्ट रूप में दें। प्रश्नगत प्रप्त्र में मांगी गई सूचना देने के लिए बाध्यता नहीं है। जहां ज्यादा सूचनाएं मांगी जाती हैं। वहां पर अनुरोधकर्ता से समन्वय स्थापित करते हुए, समय देकर रिकार्ड दिखा सकते हैं। कहा कि सूचना देने में अधिकारी घबराये नहीं, बल्कि ऐसी प्रणाली तैयार करें। जिससे वास्तविक लोगों को संघर्ष न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अनुरोधकर्ता से सूचना मांगे जाने पर कुशलता पूर्वक व्यवहार करने से पचास प्रतिशत केस का निस्तारण हो जाता है। अधिनियम के प्राविधानों का अनुपालन कर सूचना आवेदनकर्ताओं को वांछित सूचना की प्राप्ति आसानी से हो सकेगी। विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी एवं विभाग तथा राज्य सरकार की छवि और अधिक उज्जवल होगी। नोडल अधिकारी डा. ओम प्रकाश ने तीन दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि आज प्रथम दिवस को सूचना का अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

आगे ई-गवर्नेंस समाधान (ई-ऑफिस और आईएफएमएस सिस्टम) पर तथा आपदा प्रबन्धन व महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर संवेदनशलता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ पुनीत तोमर, डीडीओ सुनील कुमार सहित तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चार पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

चमोली : पुलिस के द्वारा सोमवार देर रात्रि को एक कार में चार पेटी अवैद्य शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी कई बार शराब तस्करी में लिप्त पाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस के द्वारा सोमवार देर रात्रि को नारायणबगड़ पुल के समीप एक कार का चालक अनंगपाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह ग्राम निवासी रैंस नारायणबगड़ चमोली को चार पेटी अवैद्य अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा उक्त वाहन को सीज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी व्यक्ति पूर्व में भी पांच बार अवैद्य शराब के धंधे में गिरफ्तार हो चुका है और आरोपी का अपराधिक इतिहास रहा है। इस अवसर पर अपर उप निरीक्षक ललित मोहन, कांस्टेबल दीपक, कांस्टेबल कुलदीप मौजूद रहे। (एजेंसी)

## हड़ताल शुरू

चमोली : अखिल भारतीय डाक ग्रामीण डाक सेवक संघ के आवाहन पर गैरसैंण प्रखंड में भी ग्रामीण डाक सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। जिससे प्रखंड में डाक व्यवस्था चरमरा गयी है। स्थानीय मेहलचौंरी उप डाक घर में ग्रामीण डाक सेवकों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की तथा उनकी मांगों का शीघ्र हल निकालने की मांग की। कहा कि मांगें पूरी होने तक उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

## जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले का स्वागत

नई टिहरी : भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने हेतु सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वागत योग्य बताया है।

उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अखंड भारत संकल्पना की जीत बताई है।

देवप्रयाग भ्रमण पर पहुंचे भाजपा संगठन महामंत्री अजय कुमार ने देवप्रयाग सशिवि मन्दिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि देवभूमि का पहला गंगा संगम देवप्रयाग है, जिसमें वर्ष भर विश्व भर से लोग आते हैं।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मंयक का जन्म दिनांक 25/08/2013 को राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार में हुआ है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम दीपक की दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम देवन्द्र राम है। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही व वास्तविक नाम देवेंद्र राम दर्ज किया जाय।

**देवेंद्र राम पुत्र प्रेम राम निवासी ग्राम कसंध ग्वालदम, चमोली, उत्तराखण्ड।**

(1494/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम HARENDAR SINGH (पुराना नाम से) से बदलकर । HARENDAR SINGH BHANDARI (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे HARENDAR SINGH BHANDARI (नया नाम) S/O GOVIND SINGH से जाना पहचाना जाए।

**निकट आंगन बाड़ी ग्राम सिम्मलचौड़, पोस्ट ऑफिस पदमपुर सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1495/21)

## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र शाहरूख उम्र लगभग 25 वर्ष हमारे व हमारे परिवार के कहने में नहीं रहता है तथा आये दिन तंग व परेशान करता रहता है तथा आये दिन हमें अपमानित करता रहता है तथा मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। हम अपने पुत्र शाहरूख को उसके गलत कृत्य के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से व घर से बेदखल करते है। भविष्य में शाहरूख द्वारा किये गये गलत कृत्यों के लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा, उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी व जवाबदेही नहीं होगी।

**मौहम्मद अतीक पुत्र हनीफ तथा इदरीशा खातून पत्नी मौहम्मद अतीक निवासीगण काशीरामपुर तल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1496/21)

## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र फरमान उम्र 27 वर्ष पुत्र छोटन तथा उसकी पत्नी राहमीन उम्र 25 वर्ष पत्नी फरमान ने आपस में प्रेम विवाह किया है। तथा मेरा दूसरा पुत्र सिकंदर पुत्र छोटन मेरे कहने सुनने में नहीं है। उक्त तीनों अक्सर मेरे तथा मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने में नहीं है। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी का व्यवहार आपस में सही नहीं रहता है तथा दूसरा पुत्र नशे में ही रहता है तथा घर से बाहर लड़ाई झगड़ा करता रहता है। उक्त तीनों की हरकतों से तंग, परेशान होकर मैंने अपने पुत्र फरमान उसकी पत्नी राहमीन एवं अपने पुत्र सिकंदर को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए, बेदखल कर दिया है। आज के बाद उक्त तीनों का मेरे व मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। उक्त तीनों अपने किसी भी अपराध, गलत हरकतों आदि के लिए स्वयं ही जिम्मेदार रहेगें। उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, अपराध, लेन देन आदि के लिए मैं तथा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**अमजदी बेगम पत्नी छोटन निवासी इन्दिरानगर आमपड़ाव, पटटी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1497/21)

## सम्पादकीय

# नए चेहरों को संवारती भाजपा

तीन राज्यों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने जिन नए चेहरों सीएम बनाया है वह अब तक देश के अधिकांश लोगों के लिए एक अनजान चेहरे थे। उम्मीद की जा रही थी कि हमेशा की तरह ही मध्य प्रदेश हो या फिर राजस्थान पुराने चेहरे सत्ता में काबिज नजर आएंगे। लंबी रस्साकशी और उम्मीद के विपरीत भाजपा हाई कमान ने अनजान चेहरों को चुनकर यह साबित कर दिया कि भाजपा पुराने चेहरों की मोहताज नहीं है और फैसला लेने का यदि समय आया तो नए चेहरों पर दांव खेलने का साहस भाजपा का थिंक टैंक उठा सकता है। राजस्थान के लिए मुख्यमंत्री के नाम पर भजनलाल शर्मा को फाइनल कर दिया गया है, यही नहीं उनके नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रखा जो स्वयं मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा के बड़े नेताओं से संपर्क साधे हुए थे लेकिन उनकी दाल नहीं गली। बुनियादी तौर पर बीजेपी से जुड़े एवम इन चुनावों में जीते हुए दो अन्य लोगों को डिप्टी सीएम भी बनाया गया है जिससे कार्यकर्ताओं में न केवल उत्साह है बल्कि उन्हें अब यह विश्वास होने लगा है कि भाजपा हाई कमान कभी भी, किसी को भी मौका दे सकता है। मध्य प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी हाई कमान ने शिवराज सिंह को इस बार सत्ता से किनारा करते हुए डॉ मोहन यादव पर मोहर लगाई और उन्हें राज्य का मुख्यमंत्री घोषित किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नए चेहरों को मौका देने का यह कोई पहला अवसर नहीं था बल्कि इससे पूर्व उत्तराखंड में भी पुष्कर सिंह धामी पर भरोसा करते हुए उन्हें तीरथ सिंह रावत के हटने के बाद मुख्यमंत्री बनाया गया था। उत्तराखंड के लिहाज से जहां पहले ही कई बड़े चेहरे मुख्यमंत्री पद के लिए कतार में खड़े थे उन्हें किनारे करते हुए हाई कमान ने पुष्कर सिंह धामी को न केवल मौका दिया बल्कि विधानसभा चुनाव में अपनी सीट हारने के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री पद पर काबिज कराया। हालांकि बाद में पुष्कर सिंह धामी रिकॉर्ड मतों से जीत कर विधायक बने। निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने नए चेहरों को मौका देने की जो परंपरा शुरू की है उसका पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पर बेहद सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है और कहीं ना कहीं बुनियादी तौर पर पार्टी के लिए कार्य करने वाले लोगों में आगे बढ़ाने की उम्मीदें भी बलवती हो रही है। राजस्थान हो या फिर मध्य प्रदेश या फिर उत्तराखंड, कई पुराने धुरंधरों के होने के बावजूद नए चेहरों को सत्ता की शीर्ष कुर्सी सौंप कर केंद्रीय हाई कमान ने यह घोषित कर दिया है कि पुराने चेहरों पर निर्भर तथा आगे बढ़ने की नीति अब बदल रही है और नए लोगों को जब तक मौका नहीं दिया जाएगा तब तक पार्टी का भविष्य मजबूत नहीं बनेगा। हाई कमान के इन फैसलों से पार्टी में जबरदस्त उत्साह है जिसका परिणाम निश्चित तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। हैरानी नहीं होनी चाहिए यदि उत्तराखंड से लेकर देश के दूसरे संसदीय क्षेत्र में पुराने चेहरों के बजाय इस बार दावेदारी के लिए नए चेहरे देखने को मिले।

# बोरों में लक्ष्मीजी!

**हरिशंकर व्यास**

उफ! कारोबारी सांसद धीरज साहू की भूख और लक्ष्मी कृपा में उसका बोरों में नकदी को छुपा कर रखना! लेकिन धीरज साहू क्या अकेले हैं? क्या औसत लक्ष्मीवान हिंदू का इतिहासजन्य यही व्यवहार नहीं रहा है? गुलामी का काल हो या आजाद भारत और उसका मौजूदा कथित अमृतकाल! औसत हिंदुओं के श्रेष्ठिजन, धनिक वर्ग, शासक नेता और अफसरों ने क्या कभी भी महालक्ष्मी को उनकी स्वच्छता-सुव्यवस्था के 'श्री' में अपनाया है? लक्ष्मी का पर्याय कमल है, कला हैं तथा धन संपदा का सुनियोजित रीति से सदुपयोग है। लक्ष्मी कथा का सार है कि उपार्जन भले कम हो लेकिन उसके उत्तरार्ध में जरूरी है जो एक-एक पैसा सत्प्रवृत्ति में अच्छे काम याकि कला, ज्ञान, पुरुषार्थ और सद्बुद्धि की श्रीवृद्धि के लिए हो। अर्जित पैसा परिवार, धर्म और देश के लिए सौभाग्यशाली बने। लेकिन हम हिंदुओं का याकि धीरज साहू, अंबानी-अडानी जैसे जगत सेठों और कुबेर स्वरूप सरकारों का व्यवहार इस सबसे क्या उलट नहीं रहा है?



सवाल है क्यों कलियुगी भारत में लक्ष्मी की कृपा अनंत भूख में कन्वर्ट होती है? लक्ष्मीवानों का पेट कभी क्यों नहीं भरता! क्यों भारत में धनार्जन लक्ष्मीवानों को नशेड़ी, भूखा तथा मूर्ख बनाता है? वे उत्तरोत्तर कंजूस, विलासी, अहंकारी, और अनैतिक व बेईमान क्यों बनते जाते हैं?

शराब व्यापारी धीरज साहू लक्ष्मीवान हिंदुओं का प्रतीक हैं। भारत के किसी भी उस क्षेत्र, उस धंधे पर गौर करें, जिससे हालिया दशकों में अकूत पैसा पैदा हुआ है। सत्ता, जमीन, शराब, सट्टा, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, सार्वजनिक कारखानों और ठेकों आदि के तमाम क्षेत्रों में पैसा कमाने की रीति क्या रही है? लूट सके तो लूट, लक्ष्मी नाम की लूट। अंत समय पछताएगा, जब प्राण जाएंगे छूट!

इसमें शराब व्यापार, उसके ठेके, उसकी एक्साइज रेवेन्यू के तमाम पहलूओं में व्यापारी, ठेकेदार और सरकार तीनों का रवैया क्या बना होता है? शराब कैसी भी बेचो, कितनी ही पिलाओ, सबमें मकसद लूट सके तो लूट की भूख का रिकॉर्ड है। मनुष्य अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप में भी बेइंतहां शराब पीता है लेकिन इन देशों से क्या कभी यह खबर पढने् को मिली कि वहां धीरज साहू, या पोंटी चड्ढा या गुटखा किंग गुप्ता, सिंघानिया, पालीवाल जैसे लक्ष्मीवान हैं जो अरबों रुपए कमाते हैं और फिर उनको बोरों में भर कर, लक्ष्मी कृपा को दो नंबर में कन्वर्ट करके नगरसेठ कहलाते हैं, सांसद बनते हैं। पार्टियां चलवाते हैं।

दुनिया में व्हिस्की, वाइन सबकी निर्माता विशाल वैश्विक कंपनियां हैं लेकिन कभी यह सुनने को नहीं मिला कि किसी का मालिक टैक्स चुराता है और उनके यहां छापे पड़ते हैं या अकूत नकदी मिलती है। जबकि भारत में धंधा ही मानों काला व्यापार! भारत के हर प्रदेश, प्रदेश की हर सरकार, सरकार के हर संबंधी विभाग में नागरिकों को घटिया या अच्छी शराब पिलवा, तंबाखू, गुटखा खिलवा कर, बीड़ी-सिगरेट का नशा करवाने का काम हर स्तर पर सफेद-काले के समानांतर सिस्टम से है। इसमें निर्माता, ठेके वाला हो या वितरक और नेता-अफसर सब काली कोठरी में काले हो कर बेइंतहां कमाई के बावजूद लगातार इस धुन में रहते हैं कि लक्ष्मीजी बोरों में जमा होती जाए। और वे समाज-देश-व्यवस्था के नियंता बने!

हाल के चुनाव में मैंने छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश में शराब और शराब की कमाई से जैसा राजनीतिक भ्रष्टाचार, वोटरों को खरीदने, शराब बांटने के जिस पैमाने के किस्से सुने तो लगा मानों भारत सचमुच अब शराब का कुंआ है। हर प्रदेश रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रहा है। उत्तर प्रदेश नंबर एक बना है तो पंजाब, दिल्ली, हरियाणा से लेकर केरल सभी और लोग मूर्ख बन कर नशे में झूमते हुए हैं।

सवाल है धीरज साहू को जब बेइंतहां कमाई है तो उसने टैक्स दे कर कमाई को व्हाइट क्यों नहीं रखा? दो ही कारण हो सकते हैं? या तो वह शराब के ठेकों से एक नंबर के साथ दो नंबर (मतलब फैक्टरियों से अनअकाउंटेड शराब या नकली शराब) बेच कर नकदी बटोर रहा था या फैक्टरी-अफसर-वितरक-विक्रेता सबकी रजामंदी से बिक्री कम दिखा कर काले धन की समानांतर व्यवस्था बनाए हुए था। इसलिए ताकि अपनी, अपने धंधे और परिवार की सुरक्षा पर जब भी तलवार लटके तो गोदामों में भरी नकदी काम आए। निःसंदेह धीरज साहू भी सिस्टम से बना हुआ अरबपति है और वह जानता-समझता है कि सरकार, उसके विभागों या अफसरों या नेताओं को मैनेज करने के लिए दो नंबर का खजाना बनाए रखना भारत में जीने की अनिवार्यता है।

जब सदियों से सत्ता, नेता, अफसरों के आगे हरजाने, शुक्राने, नजराने से देश चला आ रहा है तो अब भी जरूरी है कि लक्ष्मीवान बोरों में भर कर नकदी का गुप्त रिजर्व रखें ताकि आफत आए तो पैसा बांट कर बला टालें!

मैं असंख्य दफा लिख चुका हूं कि सैकड़ों सालों की गुलामी ने हम लोगों के अवचेतन में कूट-कूट कर असुरक्षा भरी है। विदेशियों की गुलामी के दौरान नगरसेठ और व्यापारी पैसा जमीन में गाड़ कर रखते थे या दो नंबर की हुंडियों व सोने-चांदी से छुपा कर रखते थे। ताकि दरबारों, बादशाहों, कोतवालों, लुटेरों, डाकुओं से वे सुरक्षित रहें। 1947 में आजादी के बाद पंडित नेहरू के समाजवाद के ख्याल में बनी व्यवस्था सभी के लिए लूट का कल्पवृक्ष बनी। निजी कारखानों का सरकारीकरण हुआ। धनवानों को शक की नजरों से देखा जाने लगा। कोटा-परमिट, लाइसेंस, कंट्रोल और कोतवालों-छापामारों की एक ऐसी समाजवादी व्यवस्था बनी, जिससे ब्लैक इकोनॉमी का काला पैसा उमड़ पड़ा। विदेशी बैंकों तक में भारतीयों के काले धन का अंबार लगा। तभी सन् 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने विदेशी बैंकों से काला धन निकलवा कर लोगों के खातों में पंद्रह-पंद्रह लाख रुपए जमा करवाने का वादा किया तो सभी ने माना कि ऐसा संभव है क्योंकि है हमारा इतना काला धन !कितना त्रासद है यह सोचना कि हम हिंदुओं ने लक्ष्मी और लक्ष्मीवानों के साथ काली अर्थव्यवस्था को इतनी सहजता से स्वीकारा हुआ है कि ऐसा ही भारत में होता है!

बहरहाल, धीरज साहू पर लौटें। क्या धंधे को चलाए रखने के लिए इतना बड़ा गुप्त खजाना जरूरी था? क्या वह पैसे को किसी क्रिएटिव, संस्कारी पुरुषार्थ, सत्कर्म में नहीं खपा सकता था? संभव नहीं है। इसलिए क्योंकि भारत के परिवेश में लक्ष्मीवानों के मनोभाव का यह बेसिक इंस्टिक्ट, डीएनए है कि पैसा सर्वोपरि है। पैसा है तो सत्ता है, ख्याति है, सुरक्षा है और धर्म, समाज, राजनीति में अपना वैभव है। सो, धन चिड़िया की वह आंख है, जिस पर लक्ष्मीवान चौबीसों घंटे निशाना साधे रहता है। तभी भारत का लक्ष्मीवान अंधा होता है। उल्लू (मूर्खता) पर सवार रहता है। धीरज साहू को पैसे की बाढ़ के आगे भला फुरसत और यह समझ कहां रही होगी कि इतना पैसा कमा रहे हैं तो चलो विश्वस्तरीय एक वाइन उद्यम ही बनाएं। लक्ष्मी की कृपा के धन से रियल पुरुषार्थ, इनोवेशन, नई रिसर्च-आविष्कार जैसा कुछ हो!

# अकेले पड़े सीसी तीसरी बार भी जीतेंगे!

**श्रुति व्यास**

मिस्त्र में रविवार को हुआ मतदान राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी का भविष्य तय करेंगे। राष्ट्रपति के रूप में फतेह अल-सीसी तीसरा कार्यकाल हासिल करने की उम्मीद में हैं। लेकिन सब कुछ इतना आसान भी नहीं है। एक समय था जब उन्हें जनता देश के उद्धारक के रूप में देखती थी। मगर यह दबंग नेता अब जनता की उम्मीदों का केन्द्र और उसकी पसंद नहीं है। सीसी के प्रति आक्रोश और असंतोष अर्थव्यवस्था को लेकर है। अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है। विदेशी शक्तियां टेका लगाकर किसी तरह अर्थव्यवस्था को संभलवाने की कोशिश कर रही हैं क्योंकि उन्हें डर है कि मिस्त्र के आर्थिक संकट के कारण क्षेत्र में अस्थिरता की स्थिति बन सकती है।

सन्2011 के बाद पहली बार इतनी विकट स्थिति है।यदि हालात बेकाबू हुए तो यूरोप एवं अन्य क्षेत्रों में प्रवासियों की नई लहर उत्पन्न हो सकती है। ताजे आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में मिस्त्र में मुद्रास्फीति दर 38.5 प्रतिशत थी, जो उसके पिछले माह के रिकार्ड स्तर 40.3 प्रतिशत से कुछ ही कम है। जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़े इस अरब देश में मुद्रास्फीति इतने उच्च स्तर पर पहले कभी नहीं रही। और हम सब जानते हैं कि आम जनता को जितनी महंगाई का सामना करना पड़ता है वह सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक होती है। पिछले नौ महीनों में मिस्त्री पौंड का अमरीकी डालर की तुलना में 50 प्रतिशत से भी अधिक अवमूल्यन हुआ है। चूंकि मिस्त्र की अर्थव्यवस्था बहुत हद तक आयात पर निर्भर है, इसलिए बुनियादी जरूरत की चीजों की कीमतें बहुत से परिवारों की पहुंच के बाहर हो गई हैं।देश में विदेशी मुद्रा का कालाबाजार फल-फूल रहा है।

लेकिन बढ़ते असंतोष और बेकाबू अर्थव्यवस्था के बावजूद सीसी की जीत अवश्यंभावी है। सन् 2013 में सैन्य तख्तापलट के जरिए सत्ता हासिल करने वाले सीसी ने पिछले दो राष्ट्रपति चुनाव 97 प्रतिशत वोटों से जीते हैं। पिछले चुनाव में उनका मुकाबला जिस उम्मीदवार से था वह उनके शासन का घोर समर्थक था! इस बार भी एकमात्र ऐसा उम्मीदवार जो उनका थोडा-बहुत विरोध कर सकता था, उसके चुनाव लडने् पर रोक लगा दी गई है।

सीसी ने पिछले 10 वर्षों में ऐसे हर व्यक्ति और हर संस्था को समाज से खदेड़ा है जो जरा सा भी उनके खिलाफ हो। उन्होने राजनैतिक विरोधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और साधारण लोगों को जेलों में डाल कर एक विशाल पुलिसिया राज कायम कर दिया है। वरिष्ठ प्रकाशक और सरकार के आलोचक हिशम कसीब जेल के सींखचों के पीछे हैं। सन् 2019 में हुए एक संवैधानिक जनमत संग्रह के माध्यम से मिस्त्र में राष्ट्रपति का कार्यकाल बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया गया। सीसी बहुत शक्तिशाली हैं। सत्ता पर उनका और उनके नजदीकी लोगों का पूरा कब्जा है। वे लंबे समय से यह दावा करते आए हैं कि विपक्ष के सत्ता में आने पर देश पतन की ओर जाएगा।

## ठंड से कांपा उत्तर भारत, सोमवार रहा सीजन का सबसे ठंडा दिन

**नईदिल्ली,एजेंसी** । उत्तर भारत में मौसम तेजी से बदल रहा है और कड़ाके की ठंड पडऩे लगी है. दिल्ली में सोमवार का दिन इस सीजन का अब तक का सबसे ठंड दिन रहा. वहीं जम्मू-कश्मीर में पारा माइनस से काफी नीचे चला गया. मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार तक उत्तर भारत के तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी जिससे समूचा उत्तर भारत कांपने लगेगा. इसके साथ ही सुबह और शाम के वक्त कोहरा भी लोगों की मुश्किल बढ़ाने लगा है. मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राजधानी दिल्ली में 12 से 17 सितंबर के बीच न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है. वहां आज यानी मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक रह सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में पारा तेजी से गिरेगा और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा. आईएमडी के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में सोमवार को इस सीजन की सबसे सर्द सुबह रही. इस दौरान तामान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा. बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है इससे पहले रविवार को तापमान 8.3 तो शनिवार को पारा राजधानी का पारा 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया. अगर राजधानी दिल्ली में वायु की गुणवत्ता की बात करें तो यहां वायु की गुणवत्ता अभी भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है. वहीं जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बर्फबारी से तापमान तेजी से गिर रहा है. श्रीनगर में पारा शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है. वहीं गुलमर्ग में तापमान शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान, पंजाब और चंडीगढ़ के कई इलाकों में तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया.

## उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में आतंकी हमले में चार पुलिसकर्मियों की मौत, 16 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक थाने पर आतंकवादियों के हमले में कम से कम चार सुरक्षाकर्मी मारे गये और 16 घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकवादियों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से लगे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने पर हमला किया। आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम चार सुरक्षाकर्मी मारे गए और 16 घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दो आतंकवादियों को भी मार गिराया। पुलिस के अनुसार, हमले के बाद पुलिस की नयी टुकडिय़ों को घटनास्थल पर भेजा गया। हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया जबकि सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए।

## ज़िम्बाब्वे में सूखे से 100 हाथियों की मौत

**हरारे, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय पशु कल्याण और संरक्षण समूह ने कहा कि जिम्बाब्वे के सबसे बड़े गेम रिजर्व ह्वांगे नेशनल पार्क में अल नीनो के कारण पड़े सूखे से कम से कम 100 हाथियों की मौत हो गई है।

इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर (आईएफएडब्ल्यू) ने बयान में कहा, अल नीनो के कारण गर्मियों में बारिश पांच सप्ताह देर से हो रही है क्योंकि जिम्बाब्वे के सबसे बड़े संरक्षित क्षेत्र ह्वांगे नेशनल पार्क में दर्जनों हाथियों की पहले ही मौत हो चुकी है, जो लगभग 45,000 हाथियों का घर है।

# एआई के साथ हमें बहुत सावधानी से चलना होगा: पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आयोजित ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) में भारत के तकनीकी परिदृश्य में क्रांति लाने की क्षमता है। एआई वर्तमान और भविष्य दोनों पीढ़ियों पर प्रभाव डाल रहा है। हमें ज्यादा सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम से कई सुझाव और विचार निकलेंगे, जो हमारी मदद करेंगे। साथ ही कहा कि एआई से होने वाले संभावित जोखिमों और चुनौतियों से दुनिया की रक्षा करेंगे।

संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत में हमें एआई में नवाचार की भावनाएं दिख रही हैं।



वर्तमान समय में एआई प्रतिभा और इससे जुड़े नए विचारों में हमारा देश प्रमुख खिलाड़ी है। भारत के युवा तकनीकी विशेषज्ञ और शोधकर्ता के अवसर तलाश रहे हैं। हमारा विकास का एक ही मंत्र है- सबका साथ, सबका विकास। हमने एआई फॉर आल के केंद्र में रखकर सरकारी नीतियां और कार्यक्रम तैयार किए हैं। हमारी कोशिश है कि एआई का भरपूर उपयोग करते हुए समाजिक विकास और समावेशी विकास पर काम करना है। एआई के नैतिक उपयोग के लिए भी भारत पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में हमने एआई से जुड़ा एक लॉन्च किया है। कृषि में एआई चेक पोर्टल, जो किसानों को उनके आवेदन की स्थिति की जांच करने, भुगतान विवरण तक पहुंचने और सरकारी योजनाओं के बारे आसानी से सूचित रहने की सुविधा प्रदान करता है।

ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट में पीएम मोदी ने कहा कि हम कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ भारत में एआई मिशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। हमारा राष्ट्रीय एआई पोर्टल इन एआई पहलों को समर्थन और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि एआई की विकास यात्रा जितनी अधिक समावेशी होगी, समाज उतने ही बेहतर परिणाम हासिल करेगा। पिछले दशकों में प्रौद्योगिकी तक पहुंच में असमानता थी, अब हमें इससे बचना होगा। जब प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक मूल्य से जुड़ता है तो समावेशिता के लिए गुणक के रूप में कार्य करता है।

## सरकार ने वापस लिए आपराधिक कानून में सुधार वाले तीन विधेयक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने आपराधिक प्रणाली में सुधार के लिए लोकसभा में पेश तीन विधेयक मंगलवार को वापस ले लिए। गृहमंत्री अमिति शाह ने लोकसभा में कहा कि देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए पेश किए गए तीन विधेयक वापस लिये जा रहे हैं और उनकी जगह नये विधेयक पेश किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों आपराधिक कानून विधेयकों को संसद की स्थायी समिति की सिफारिशो के आधार पर वापस लिया गया है और उनकी जगह विधेयकों के नये संस्करण पेश किए जा रहे हैं।सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के विधेयक वापस लेने की वजह पूछे जाने पर श्री शाह ने कहा कि इन तीनों विधेयकों में मामूली बदलाव किया गया है। यह बदलाव तथ्यों में नहीं बल्कि विधेयकों में भाषा और व्यापकरणिक सुधार की वजह से किए गये हैं।

# भजन लाल शर्मा होंगे राजस्थान के नए मुख्यमंत्री

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री एवं सांगानेर से विधायक बने भजन लाल शर्मा राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। विधानसभा चुनाव के बाद 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भाजपा की मंगलवार को विधायक दल की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से भजन लाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया जबकि विधायक दिया कुमार एवं प्रेम चंद बैरवा उपमुख्यमंत्री होंगे। बैठक के बाद पर्यवेक्षक एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी घोषणा करते हुए मीडिया को बताया कि विधायक दल के नेता के चयन के लिए बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भजन लाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि इसी तरह विधायक दिया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा दो उपमुख्यमंत्री होंगे जबकि पूर्व



मंत्री एवं विधायक वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष होंगे। उन्होंने कहा कि भजन लाला शर्मा राजस्थान भाजपा विधायक दल के सर्वसम्मत नेता निर्वाचित हुए हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ेगा।

बता दें कि भजन लाल शर्मा पार्टी में प्रदेश महामंत्री के रुप में भूमिका निभा रहे थे और हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में उन्हें जयपुर की सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी बनाया और वह पहली बार विधायक बने। वह चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज को 48 हजार से अधिक मतों से हराकर विधायक निर्वाचित हुए।


श्रीमती दिया कुमारी विधाधरनगर से विधायक चुनी गई और वह दूसरी बार विधायक बनी हैं। इससे पहले वह सवाईमाधोपुर से विधानसभा चुनाव लड़कर पहली बार विधायक चुनी गई थी। वह विद्याधरनगर से विधायक चुने जाने से पहले राजसमंद से सासंद थी और उन्होंने विधायक बनने के बाद संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

बैरवा दूदू विधानसभा से दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। श्री बैरवा ने कांग्रेस प्रत्याशी को 35 हजार से अधिक मतों से हराकर विधायक निर्वाचित हुए।

# पंडित नेहरू ने देश के लिए अपनी जान दी, इतिहास नहीं जानते अमित शाह: राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए क्या किया इस बारे में वह पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार मुद्दों से सबका ध्यान हटाने के लिए कभी पंडित नेहरू के बारे में बोलेंगे तो कभी किसी और के बारे में अपनी अनभिज्ञता प्रकट करते रहेंगे ताकि हकीकत पर पर्दा डाला जा सके। उन्होंने कहा "पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनभिज्ञ हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता।"

राहुल गांधी ने कहा, "असली मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और जनता के लिए जो पैसा आवंटित किया गया है वह किसे मिल रहा है। वे इस मुद्दे से भागना चाहते हैं





इसलिए इस पर चर्चा नहीं करना चाहते, लेकिन हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को उनका हक मिलना चाहिए।" उन्होंने कहा, "छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के मुख्यमंत्री भी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से थे और अब जब उन्हें बहुमत मिला है तो उन्होंने भी ओबीसी मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की। मुद्दा यह नहीं है कि किसने किसे मुख्यमंत्री बनाया बल्कि सवाल यह है कि देश के विकास की संरचना में इन वर्गों का प्रतिशत कितना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ओबीसी श्रेणी से हैं, लेकिन जो सरकार चलाने वाले मुख्य 90 लोग हैं उनमें से केवल तीन ओबीसी वर्ग से हैं और उनके कार्यालय एक कोने में हैं।" कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका प्रश्न संस्थागत प्रणाली में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों की भागीदारी के बारे में है, लेकिन मोदी सरकार इस मुद्दे से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं।"

दरअसल, संसद में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पेश किए जाने के बाद इस पर चर्चा हुई। इस दौरान अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की समस्या के लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा, "हमारी सेना जीत रही थी और दुश्मन देश की सेना पीछे हट रही थी। उस वक्त अगर नेहरू जी दो दिन और रुक जाते और सीजफायर नहीं करते तो पूरा कश्मीर आज हमारा होता। देश में 550 रियासतों का विलय हुआ कहीं भी धारा 370 नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर जवाहर लाल नेहरू देख रहे थे तो वहीं क्यों लगी? तीन परिवारों ने अपने फायदे के लिए जम्मू-कश्मीर के एसटी समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित रखा।"

## जापान की उम्रदराज महिला की मौत, 116 साल की थीं फुसा तात्सुमी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में सबसे बुजुर्ग महिला की मंगलवार सुबह ओसाका प्रान्त के काशीवारा में निधन हो गया। वह 116 वर्ष की थीं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। क्योडो न्यूज के अनुसार, बुजुर्ग महिला फुसा तात्सुमी का जन्म 25 अप्रैल, 1907 को हुआ था। उन्होंने अपनी जिंदगी के आखिरी दिनों को काशीवारा के एक नर्सिंग होम में बिस्तर पर बिताए थे। स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के अनुसार, फुकुओका में 119 वर्षीय महिला की मृत्यु के बाद अप्रैल 2022 में तात्सुमी जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित महिला थीं।

# 'अपने लिए कुछ मांगने से बेहतर मैं मरना समझूंगा, पार्टी ही सब कुछ तय करती है और आगे भी'

**भोपाल, एजेंसी।** लगभग 17 साल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि अपने लिए कुछ मांगने जाने से बेहतर वे मरना समझेंगे और उन्होंने अपने बारे में कभी कोई फैसला नहीं किया, आगे भी पार्टी ही उनके बारे में फैसला करेगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने यहां अपने निवास पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में ये बात कही। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद उनके एक बयान 'मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा' के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अपने लिए कुछ मांगने जाने से बेहतर वे मरना समझेंगे।



उन्होंने कहा कि ये उनका काम नहीं है और इसलिए उन्होंने ये बयान दिया था। दरअसल परिणाम आने के बाद जहां एक ओर अन्य वरिष्ठ नेता दिल्ली के प्रवास कर रहे थे, वहीं श्री चौहान मध्यप्रदेश में ही विभिन्न स्थानों के दौरे कर रहे थे। उस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान जोर देते हुए कहा था कि वे दिल्ली नहीं जाएंगे।शिवराज चौहान ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान उम्मीद जताई कि डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य की नई भारतीय जनता पार्टी सरकार लोककल्याण योजनाओं को लागू करेगी और प्रदेश विकास की ऊंचाइयां छुएगा।

# वापसी से पहले कुवैत में प्रशिक्षण कर रहे हैं राफेल नडाल



नई दिल्ली, राफेल नडाल की एटीपी टूर में जल्द वापसी करीब आ रही है। 2024 ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में वापसी की उनकी यात्रा में 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट से होनी है।स्पैनियार्ड ने कुवैत में राफेल नडाल अकादमी की यात्रा की, जो 2020 में शेख जाबेर अल–अब्दुल्ला अल–जबर अल–सबा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस कॉम्प्लेक्स में खुली।

वहां, उन्होंने 19 वर्षीय फ्रांसीसी आर्थर फिल्स के साथ एक प्रशिक्षण सत्र साझा किया, जो हाल ही में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे।

नडाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कुवैत में कुछ दिनों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत अच्छा है। हर कोई स्वागत कर रहा है। हर चीज के लिए धन्यवाद।

एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, नडाल ने ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में कुछ ही हफ्तों में मिलने वाले तापमान और स्थितियों की तलाश में कुवैत की यात्रा की।

स्पैनियार्ड, जिसने हाल ही में अपनी वापसी के बारे में सतर्क उत्साह का संदेश पोस्ट किया था। इस साल 18 जनवरी को मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कोर्ट में उतरने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहा है।नडाल ने कहा, मैंने पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो कहा था कि मैं प्रेस रूम में अपने खेल करियर को समाप्त नहीं कर सकता। मैं एक अलग तरीके से समाप्त करना चाहूंगा और मैंने संघर्ष किया है और वापसी करने के लिए तैयार हूं।

# बार्सा की टीम में युवाओं को मिला मौका




मैड्रिड, एफसी बार्सिलोना के कोच जावी हर्नांडेज ने क्लब की बी–टीम के आठ सदस्यों को टीम में शामिल किया है, जो बुधवार को चैंपियंस लीग में रॉयल एंटवर्प से खेलने के लिए जाएंगे।

एंडर एस्ट्रालागा, डिएगो कोचेन, मार्क कैसाडो, एंजेल अलारकोन, पाउ क्यूबर्सी, एलेक्स गैरिडो, मार्क और हेक्टर फोर्ट सभी मैच के लिए शामिल हैं।

पहली टीम के नियमित खिलाड़ियों के साथ, इल्के गुंडोगन, रॉबर्ट लेवांडोव्स्की, फ्रेंकी डी जॉंग और रोनाल्ड अराउजो सभी को बाहर रखा गया है।रिपोर्ट के अनुसार, इनिगो मार्टिनेज, मार्क आंद्रे और मार्कोस सभी चोट के कारण इस यात्रा से चूक गए।

रविवार रात गिरोना के घर में बार्सिलोना की 4–2 से हार के अगले दिन ज़ावी ने अपनी टीम का नाम घोषित किया। एक परिणाम जो पुष्टि करता है कि गिरोना इस सीजन् के ला लीगा खिताब के लिए स्पष्ट उम्मीदवार हैं, जबकि यह दर्शाता है कि पेड्री और डे जोंग जैसे खिलाड़ियों की वापसी के बावजूद बार्सा के पास अभी भी समस्याएं हैं।जावी ने रविवार के मैच के बाद कहा, यह टीम अभी भी निर्माण में है।

बार्सिलोना ग्रुप एच में शीर्ष स्थान के साथ बेल्जियम की यात्रा करेगा, जबकि एंटवर्प अपने पांच मैचों में पांच हार के साथ सबसे नीचे है।

इस बात की थोड़ी संभावना है कि बार्सा ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने में विफल हो सकती है, लेकिन ऐसा होना काफी मुश्किल है।

# शुरुआती घरेलू क्वालीफायर स्लोवेनिया में खेलेगा इजराइल




जेरूसलम, फीबा यूरोबास्केट 2025 क्वालीफायर में स्लोवेनिया के खिलाफ इजराइल का पहला घरेलू मैच इजराइल–हमास संघर्ष के कारण तेल अवीव से स्लोवेनिया के दक्षिण–पश्चिमी तटीय शहर कोपर में शिफ्ट कर दिया गया है।

इजराइल चार–टीम ग्रुप ए में अपने पहले तीन मैच बाहर खेलेगा, जिसमें पुर्तगाल में इज़राइल के मैच के तीन दिन बाद 25 फरवरी, 2024 को स्लोवेनिया में होने वाला मुकाबला भी शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल 23 फरवरी, 2025 को स्लोवेनिया की मेजबानी करेगा। फीबा यूरोबास्केट 2025 क्वालीफायर में भाग लेने वाली कुल 32 टीमों को चार–चार टीमों के आठ समूहों में बांटा गया है।

प्रत्येक टीम राउंड–रॉबिन प्रणाली में घरेलू और विदेशी खेलों में अपने समूह की अन्य टीमों के खिलाफ खेलेगी।

प्रत्येक समूह से सर्वोच्च स्थान वाली तीन टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फीबा यूरोबास्केट 2025 के सह–मेजबान साइप्रस, फिनलैंड, पोलैंड और लातविया वाले समूहों में मेजबान और दो अन्य सर्वोच्च स्थान वाली टीमें क्वालीफाई करेंगी।

# भारत के खिलाफ माइकल वॉन ने दी इंग्लैंड को चेतावनी

नई दिल्ली, पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत दौरे से पहले इंग्लैंड को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनका आक्रमक रवैया, जिसे अक्सर बैजबॉल कहा जाता है। वो एक विश्व स्तरीय टीम और खतरनाक स्पिन आक्रमण जिसमें रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा शामिल हैं, उनके आगे कायम रख सके।

इंग्लैंड भारत का दौरा करने के लिए तैयार है। इसीबी ने सोमवार रात को अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें विशेष रूप से चार विशेषज्ञ स्पिनरों की प्रभावशाली संख्या शामिल है जो बदलते उपमहाद्वीप की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए तैयार हैं।

एशेज के दौरान इंग्लिश मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन की सफलता की ओर इशारा करते हुए, जहां उन्होंने आमतौर पर स्पिनरों के लिए प्रतिकूल मानी जाने वाली परिस्थितियों में 9 विकेट लिए, वॉन ने कहा कि जब इंग्लैंड को मजबूत भारतीय स्पिन आक्रमण का सामना करना पड़ेगा। जिसमें अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल शामिल हैं, तो उनके होश उड़ सकते हैं।वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, दुनिया में खेलने के लिए सबसे कठिन



जगह भारत है और अगर आप वास्तव में एशेज पर जाएं, जब नाथन लियोन फिट थे और अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2–0 से आगे था।

इंग्लैंड 25 जनवरी से 11 मार्च तक 5 टेस्ट खेलेगा और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

# 90 प्रतिशत लोग वही सोच रहे हैं, जॉनसन को मिला एड कोवान का समर्थन

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज एड कोवान ने डेविड वार्नर को लेकर मिचेल जॉनसन की आलोचना का बचाव करते हुए कहा है कि जॉनसन ने वही कहा है जो, 90 प्रतिशत लोग सोच रहे हैं।

बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन ने अपने अंतिम ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट समर से पहले वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में एक कॉलम लिखकर वार्नर पर बहस छेड़ दी और सवाल उठाया कि बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज को हीरो की तरह विदाई क्यों दी जा रही है जबकि, वह अब भी 2018 बॉल–टेम्परिंग कांड में अपना बचाव कर रहे हैं।

हालांकि अब तक ज्यादा समर्थन वॉर्नर को मिल रहा था लेकिन एड कोवान के बयान ने इस मुद्दे को नया मोड़ दिया है।

12 साल पहले भारत के खिलाफ शीर्ष क्रम में वार्नर के साथ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले एड कोवान ने जॉनसन का साथ दिया है।

कोवान ने द ग्रैंडस्टैंड क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा, जॉनसन वही कह रहे हैं जो पब में 90 प्रतिशत लोग सोच रहे हैं। मुझे जो पसंद नहीं आया वो है उनके कहने का तरीका और शब्द। इसमें क्रोध या जलन की भावना थी।



वार्नर ने अपने टेस्ट करियर को समाप्त करने की इच्छा के बारे में कहा था जब ऑस्ट्रेलिया जनवरी 2024 में एससीजी में श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में पाकिस्तान का सामना करेगा।

उन्हें ऑप्टस में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14–खिलाड़ियों की टीम में नामित किया गया था, जो पर्थ में 14 दिसंबर से शुरू हो रही है।

वार्नर ने 2020–21 की गर्मियों के बाद से 25 मैचों में केवल एक टेस्ट शतक बनाया है। वह शतक 2022 के अंत में एमसीजी में उनके 100वें टेस्ट में आया जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक बनाया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने शतक को छोड़कर, उन्होंने अपनी पिछली 21 टेस्ट पारियों में सिर्फ दो अर्धशतक बनाए हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com